दैनिक जागरण 02/09/2023

शार्ट मूवी से बताए तंबाकू के नुकसान, किया जागरूक

जीएमएन कालेज में कार्यक्रम के दौरान मौजूद विद्यार्थी। ● विज्ञप्ति।

अंबाला : गांधी मेमोरियल नेशनल (जीएमएन) कालेज के तंबाकू सैल एवं एनएसएस यूनिट द्वारा शार्ट मूवी का आयोजन किया गया। इसमें विद्यार्थियों को तंबाकू से होने वाले नुकसान के बारे में बताया गया। विद्यार्थियों को बताया कि इनके सेवन से शरीर के अंगों की क्रियाशीलता पर असर पड़ता है, जबकि अनेकों बीमारियां घेर लेती हैं। कार्यवाहक प्राचार्य रचना खन्ना सहित डा. धर्मवीर, डा. अनीश ने बताया कि हमारी युवा पीढ़ी को नशे से बचना चाहिए। इसी तरह कालेज में पर्यावरण की रक्षा में नागरिकों की भूमिका पर व्याख्यान का आयोजन भी किया गया।